विधानसभा चुनाव में भी नहीं बन पाया चुनावी मुद्दा

आईटीआई 'बदहाल'

ढालवाला में इस जर्जर गोदाम में संचालित हो रहा आईटीआई।

सहारा न्यूज ब्यूरो
ऋषिकेश।

- आईटीआई जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की मार झेल रहा
- किराए के एक जर्जर गोदाम में संस्थान हो रहा संचालित

तीर्थनगरी क्षेत्र में ढालवाला स्थित आईटीआई स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की मार झेल रहा है। इसके चलते मजबूरन किराए के एक जर्जर गोदाम में संस्थान को संचालित करना पड़ रहा है।

ढालवाला स्थित आईटीआई नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र आईटीआई है। इसके साथ ही ऋषिकेश क्षेत्र के छात्र भी प्रशिक्षण के लिए ढालवाला आईटीआई पर ही निर्भर हैं। नरेंद्रनगर विधानसभा की बात करें तो संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में अनेकों इंटर कॉलेज स्थित है। लेकिन ढालवाला के बाद चंबा और श्रीनगर ही अगले आईटीआई संस्थान है।

क्षेत्र में ढालवाला के अलावा अन्य आईटीआई नहीं बनाए जाने के कारण विधानसभा क्षेत्र के इंटर कॉलेज के इच्छुक छात्रों को तकनीकी शिक्षा का प्रशिक्षण नहीं मिल पाता है। इसके अलावा वर्तमान में ढालवाला आईटीआई एक पुराने जर्जर गोदाम में संचालित किया जा रहा है। यह गोदाम सरकार ने उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ से किराए पर लिया हुआ है, जिसमें प्रशिक्षण कार्य संचालित किए जाते हैं, जबकि गोदाम की स्थिति अत्यधिक दयनीय बनी हुई है।

सरकार द्वारा आईटीआई के लिए ना ही जमीन उपलब्ध कराई जा रही है और ना ही भवन उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रयास किया जा रहा है। वहीं पूर्व में ढालवाला आईटीआई में कई ट्रेड से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता था। लेकिन सरकार की उपेक्षा के कारण पूर्व में चलने वाले पर्यटन गाइड आदि ट्रेड को बंद कर दिया गया है।

वर्तमान में ढालवाला आईटीआई में केवल सिलाई-कढ़ाई और विद्युत कार टेक्निशियन ट्रेड का ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसके चलते आईटीआई के प्रति सरकार की उपेक्षा को लेकर कई सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं।

सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर और सुविधाओं से युक्त होना चाहिए, वहां सरकार इन सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की अनदेखी कर रही है। इससे यह संस्थान बंद होने की कगार पर पहुंच गए है।

गौरव राजपूत, निवासी ढालवाला

मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्र में एक भी महाविद्यालय नहीं है। वहीं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते ढालवाला स्थित आईटीआई भी बंदी की कगार पर है। सरकार को क्षेत्र के युवाओं की शिक्षा और उनके युद्ध रोजगार के विषय में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

प्रवीन गैरोला, निवासी चौदह बीघा

डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क न होना बना पलायन का प्रमुख कारण

राजधानी पास, गांव फिर भी 'दुर्गम'

- कहीं पगडंडी तो कहीं कच्ची सड़क, लोगों की आस लगी टूटने
- प्रदेश की सबसे विकसित कही जाने वाली डोईवाला की तस्वीर
- न्याय पंचायत थानों और रानीपोखरी में हैं कई पहाड़ी गांवों

सहारा न्यूज ब्यूरो
डोईवाला।



सड़क के इंतजार में डोईवाला का नाहीं कला गांव।

डोईवाला के सिंधवाल गांववासी पैदल चलने को मजबूर।

राज्य की सबसे हॉट सीटों में शुमार डोईवाला विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश की सबसे विकसित विधानसभाओं में गिना जाता है। क्योंकि इस विधानसभा में जौलीग्रांट एयरपोर्ट, हिमालयन अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, एसडीआरएफ मुख्यालय, होमगार्ड मुख्यालय, शुगर मिल, इंण्डस्ट्रियल एरिया और कई दूसरे व्यापारिक संस्थान भी हैं। लेकिन इस विधानसभा क्षेत्र की दूसरी तस्वीर ये है कि यहां के कई पहाड़ी इलाकों में आजादी के बाद से लेकर अब कच्ची सड़क भी नहीं पहुंची है। लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करते हैं।

न्याय पंचायत थानों और रानीपोखरी में अनेक पहाड़ी गांवों में जाकर ऐसा लगता है, जैसे सुदूर पहाड़ी जिले के किसी दुर्गम क्षेत्र में पहुंच गए हों। इन पहाड़ी गांवों तक सड़क नहीं पहुंचने के कारण लोगों ने भारी संख्या में यहां से पलायन कर दिया है। ज्यादातर बुजुर्ग और बूढे लोग ही गांवों में अब रह रहे हैं।

लोगों का कहना है कि यदि उनके यहां सड़क पहुंचती तो पलायन रूकता और मैदानी क्षेत्रों में रह रहे उनके बच्चे लौटकर अपने गांव आते। लेकिन आश्वासन, घोषणाओं और फाइलों में डोईवाला के पहाड़ों की सड़कें उलझकर रह गई हैं। लोग यदि अपने गांवों में सब्जियां उगाएं या दूसरे रोजगार के साधन अपनाएं तो सड़कें न होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

थानों और रानीपोखरी के पहाड़ी इलाकों में एक नहीं दर्जनभर गांव ऐसें हैं, जहां सड़क नहीं पहुंच पाई है। ये सबसे विकसित विधानसभा कही जाने वाली डोईवाला की दूसरी तस्वीर है, जिसका जिक्र कोई बड़ा जनप्रतिनिधि नहीं करना चाहता है। पलायन के कारण यहां वोटरों की संख्या भी घटी है।

इस कारण कम वोटरों की समस्याओं को कोई भी सुलझाना नहीं चाहता है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उनके गांव में सड़कें बनेंगी तो लोग वापस आकर अपने गांव में रहने लगेंगे। इससे मैदानी इलाकों में आबादी का दबाव घटेगा और पहाड़ी इलाके आबाद होंगे।

डोईवाला के पहाड़ी इलाकों से पलायन के कारण दूसरे राज्यों से लोगों ने भारी मात्रा में डोईवाला के पहाड़ी इलाकों में औनेपौने दामों पर जमीनें खरीद ली हैं। स्थानीय निवासी भूषण तिवाड़ी ने कहा कि थानों और रानीपोखरी के पहाड़ों से कई लोग देहरादून के मैदानी इलाकों में नौकरी या दूसरे रोजगार करते हैं। लेकिन सड़कें न होने से वो प्रतिदिन अपने घर से आवाजाही नहीं कर पाते हैं, जिस कारण उन्हे मैदानी इलाकों में कमरा किराए पर लेकर रहना पड़ता है।

सिंधवाल गांव के प्रधान प्रदीप सिंधवाल ने कहा कि आजादी के बाद अब जाकर सनगांव से लेकर नाही गांव तक 11 किलोमीटर सड़क की घोषणा और पर्यावरणीय स्वीकृति मिली है। लेकिन इसके बावजूद मार्ग नहीं बन सका। यह मार्ग के बनने से सनगांव, सिंधवाल गांव और नाही के लोगों को लाभ मिलता।

डोईवाला के पहाड़ी इलाकों में इन सड़कों की है दुर्दशा

- वर्ष 2003-04 से लेकर अभी तक भोगपुर थानों के मध्य जाखन नदी से सनगांव नाहीं मोटरमार्ग पांच किमी पक्का मार्ग बना है। लेकिन यह मार्ग सनगांव से अभी भी डेढ़ किमी दूर है। गांव तक पहुंचने के लिए ग्रामीण प्रतिनिधियों के द्वारा कच्चा मार्ग बनाया हुआ है।
- सिंधवाल गांव में थानों से सिंधवाल गांव पुल से थोड़ा आगे तक लगभग डेढ़ किमी मार्ग और पुल निर्माण हुआ है। लेकिन गांव तक सड़क नहीं पहुंच पाई है। गांव तक पहुंचने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कच्चा मार्ग बनाया गया है।
- नाहीं कला के लिए सनगांव 5 किमी के आगे से नाहीं कला तक 11 किमी मार्ग स्वीकृत है। लेकिन चार वर्षों से कार्य आरंभ नहीं हुआ है। नाहीं कला तक दोपहिया वाहन से पहुंचने के लिए एक मार्ग सनगांव से तो दूसरा मार्ग सिंधवाल गांव पुल से कच्चा मार्ग स्थानीय लोगों द्वारा बनाया गया है।
- फर्ती, जाकर, कैरवान गांव के लिए सात किमी मोटर मार्ग की घोषणा हुई थी। लेकिन अभी तक सर्वे भी नहीं हुआ है। सनगांव से यहां तक पहुंचने के लिए ग्राम प्रतिनिधियों के द्वारा कच्चा मार्ग बनाया गया है।
- चित्तोर, लडवाकोट, हल्द्वाडी क्षेत्र में थानों से धारकोट तक पक्की सड़क है। लेकिन उसके बाद क्षेत्र में पहुंचने के लिए ग्रामीण प्रतिनिधियों के द्वारा कच्चा मार्ग बनाया गया है।

52 अस्सी वर्ष से अधिक और नौ दिव्यांगों ने किया मतदान

डोईवाला(एसएनबी)। डोईवाला विधानसभा के अंतर्गत 80 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर से बैलट से मतदान किया। निर्वाचन विभाग द्वारा 80 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं के लिए इस बार घर से ही मतदान का विकल्प दिया है, जिससे इस विस चुनाव में 80 प्लस और दिव्यांग मतदाता अपने घर से ही बैलट पेपर से मतदान कर रहे है। बृहस्पतिवार को 80 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं ने बैलट से वोट डाले। यह शुक्रवार को भी 80 प्लस और दिव्यांग मतदाता बैलट से वोट ड़ाल सकेंगे। डोईवाला तहसील के अंतर्गत बृहस्पतिवार को 80 प्लस के 52 मतदाताओं ने और नौ दिव्यांग मतदाताओं ने बैलट से वोट ड़ाले। डोईवाला एसडीएम युक्ता मिश्र ने कहा कि डोईवाला तहसील से जुड़े 80 प्लस के 52 और नौ दिव्यांग लोगों ने बैलट से मतदान किया है। शुक्रवार को भी यह अभियान जारी रहेगा।

बर्फबारी के बीच भी प्रचार नहीं थमा

बर्फबारी के बीच प्रचार करते भाजपा कार्यकर्ता।

मसूरी(एसएनबी)। कड़ाके की सर्दी और बर्फबारी के बीच भी चुनाव प्रचार जोरों पर है। दलों के कार्यकर्ता बर्फबारी के बीच भी प्रचार करते नजर आये। मौसम खराब था लेकिन भाजपा कार्यकर्ता समय से ही कार्यालय पहुंच गये और अपनी टीमों के साथ कड़ाके की सर्दी में प्रचार के लिए निकल पड़े। जैसे ही बर्फबारी शुरू हुई तो कार्यकर्ता उसके बाद भी नहीं रूके और बर्फबारी के बीच जोश से लबरेज कार्यकर्ता नारेबाजी के बीच अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते रहे।

कांग्रेस के पास नहीं मुद्दा : नवीन

पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा प्रवक्ता।

विकासनगर(एसएनबी)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस के नेता सहसपुर में मुस्लिम यूनीवर्सिटी खोलने के वात कहकर धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों के पास चुनाव के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है। वह केवल जाति धर्म के नाम पर सत्ता में काबिज होने की नाकाम कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज पूरे प्रदेश में पांच वर्षों में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धि लेकर जनता के बीच जा रही है, जिससे कांग्रेस के लोगों में बौखलाहट का माहौल बना हुआ है। उन्हें हार का डर अभी से सताने लगा है, जिस कारण वह धर्म के ठेकेदार बन रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी धर्म, जाति, समुदाय विशेष की वात नहीं करती। प्रधानमंत्री ने नारा दिया है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, पार्टी के कार्यकर्ता इसी थीम पर काम कर रहे है। सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई उन योजनाओं में हिन्दू मुस्लिम को नहीं देखा। आवास योजना में सबसे ज्यादा घर मुस्लिम समाज के लोगों को मिले।पत्रकार वार्ता में अरूण मित्तल, नीरज चौहान, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र बिन्जोला आदि थे।

मैसर्स अतुल्य कार्पोरेट फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड (कॉर्पोरेट देनदार) की आस्तियों की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना
(CIN-U27203DL2003PTC123774)
(कम्पनी परिसमापन में)
(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 के तहत बिक्री)
निम्नलिखित कॉर्पोरेट देनदार की आस्तियों को "जो है जहाँ है", "जैसी है जो कुछ भी है" एवं "गैर-वसूली आधार पर" बेचा जा रहा है।

लॉट नं.	आस्तियों का विवरण	पंजीकरण वर्ष	आरक्षित मूल्य (रु. में)	जमा धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) (रु. में)
1	मोटर कार (स्विफ्ट डिजायर)	नवम्बर-15	242,705	24,270
2	मोटर साईकल (हीरो पैशन)	दिसम्बर-14	16,035	1,604

नोट: 1. जीएसटी लागू अतिरिक्त
2. उपरोक्त बिक्री प्रक्रिया दस्तावेज में उल्लिखित नियमों और शर्तों के अधीन है, जिसे वेबसाइट "ncltauction.auctiontiger.net and www.arck.in" पर अपलोड किया गया है। कृपया विवरण हेतु इसे देखें।
3. बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 17 फरवरी, 2022 को अपराह्न 5 बजे तक
4. ई-नीलामी की तिथि: 18 फरवरी, 2022, ई-नीलामी का समय: पूर्वा. 11.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे
5. विवरण हेतु वेबसाइट www.arck.in; https://ncltauction.auctiontiger.net. देखें
6. पत्राचार ई-मेल : insolvency@arck.in
सम्पर्क : श्री अशोक कुमार दीवान, 9810191945, 011-45101111
अशोक कुमार दीवान
परिसमापक – मैसर्स अतुल्य कार्पोरेट फैशन्स प्रा. लि. [illegible]
पंजी. पता : फ्लैट नं. ए 10, इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, 7, एस जे एस संसनवाल मार्ग, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली 110016
कॉर्पोरेशन पता : 409, चतुर्थ तल, अंसल भवन,16, के जी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001.
तिथि: 04.02.2022
स्थान: नई दिल्ली

डीएमआई हाउसिंग फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड
एक्सप्रेस बिल्डिंग, तृतीय तल, 9-10, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, टेलीफोन: +91 11-41204444,
फैक्स: +91 11-41204000, ई-मेल: vikram.singh@dmihousingfinance.in, www.dmihousingfinance.in

ई-नीलामी विक्रय सूचना (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत) अचल सम्पत्तियों की विक्रय हेतु विक्रय सूचना

[illegible]

नीचे वर्णित सम्पत्तियों को ऑनलाइन ई-नीलामी जरिये वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के द्वारा बेचा जाएगा।
निरीक्षण की दिनांक व समय: 19.02.2022 को प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक।
ई-नीलामी की दिनांक व समय: 08.03.2022 को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक।
निविदा/ईएमडी जमा कराने की अंतिम दिनांक: 03.03.2022 सांय 4.00 बजे तक।

ऋणी का नाम	बकाया राशि	प्रतिभूति आस्ति का विवरण	(रुपये) आरक्षित मूल्य	(रुपये) ईएमडी 10%
[illegible]	ऋण आवेदन संख्या 801188590 में रू. 5,29,669/- [illegible] दिनांक 31.07.2021 तक	प्लॉट नं. 26, प्लॉट नं. 348 का हिस्सा, खसरा नं. 407 [illegible] परगना रुड़की, हरिद्वार, उत्तराखण्ड- 249407 में स्थित।	5,70,000/-	57,000/-

नियम एवं शर्तें:

[illegible]

परिसमापन प्रक्रिया विनियमों (आईबीबीआई, 2016) के विनियम 37ए के तहत नोटिस
मैसर्स अतुल्य कार्पोरेट फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में) की आस्तियों के लिए सूचना
सीआईएन - U17220DL2006PTC143849
[illegible]

विवरण	राशि (INR)	राशि (INR)	अनुलग्नक
[illegible] के शेयरों में निवेश		50,00,000	"क"
लंबी अवधि के ऋण और अग्रिम		1,08,72,285	"ख"
म्यूचुअल फंड में निवेश		25,000	"ग"
व्यापार प्राप्तियां		13,33,84,240	"घ"
बैंक बैलेंस [illegible]		15,467	"ङ"
अल्पावधि ऋण और अग्रिम		1,33,34,875	"च"
बैंकों के पास मार्जिन मनी [illegible]		4,57,001	"छ"
उप योग		16,30,88,868	
एनसीएलटी में परिहार आवेदन			
[illegible]	2,10,45,000.00		
धारा 66 के तहत लेनदेन	2,44,35,000.00	4,54,80,000	"ज"
कुल योग	4,54,80,000.00	20,85,68,868	

[illegible] www.arck.in [illegible]
अशोक कुमार दीवान
IBBI पंजी. नं. IBBI/IPA-001/IP-P00603/2017-18/11054
तिथि : 04-02-2022
स्थान : नई दिल्ली
परिसमापक – मैसर्स अतुल्य कार्पोरेट फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड
पत्राचार पता और ई-मेल आईडी
409, अंसल भवन, 16, के जी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001.
फोन न. 011-45101111, मो. 9810191945, ईमेल- insolvency@arck.in

डीएमआई हाउसिंग फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड
एक्सप्रेस बिल्डिंग, तृतीय तल, 9-10, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, टेलीफोन: +91 11-41204444,
फैक्स: +91 11-41204000, ई-मेल: vikram.singh@dmihousingfinance.in, www.dmihousingfinance.in

ई-नीलामी विक्रय सूचना (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत) अचल सम्पत्तियों की विक्रय हेतु विक्रय सूचना

[illegible]

नीचे वर्णित सम्पत्तियों को ऑनलाइन ई-नीलामी जरिये वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के द्वारा बेचा जाएगा।
निरीक्षण की दिनांक व समय: 19.02.2022 को प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक।
ई-नीलामी की दिनांक व समय: 08.03.2022 को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक।
निविदा/ईएमडी जमा कराने की अंतिम दिनांक: 03.03.2022 सांय 4.00 बजे तक।

ऋणी का नाम	बकाया राशि	प्रतिभूति आस्ति का विवरण	(रुपये) आरक्षित मूल्य	(रुपये) ईएमडी 10%
[illegible]	ऋण आवेदन संख्या 80081347 में रू. 13,11,748/- [illegible] दिनांक 31.07.2021 तक	खसरा नं. 320 [illegible] ज्वालापुर [illegible] तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड - 249407 भारत में स्थित।	12,37,000/-	1,23,700/-

नियम एवं शर्तें:

[illegible]